**सत्रीय कार्य**

(Assignment)

**इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रबंधनएवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा**

**(P.G. Diploma in Electronic Media Management & Film Production)**

(PGDEM&FP)

2018-2019

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

**प्रभारी / निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय**
**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय**
**पोस्ट-हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा- 442001 (महाराष्ट्र)**
**फोन/फैक्स नं. 07152-247146 वेबसाइट www.hindivishwa.org**

## दूर शिक्षा निदेशालय

**संदीप मधुकर सपकाले**
सहायक प्रोफेसर

## इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
## सत्रीय कार्य लेखन दिशा निर्देश

प्रिय विद्यार्थी,

इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का उदेद्श्य इलेक्ट्रनिक मीडिया प्रबंधन का विस्तृत एवं गहन अध्ययन कराना है। जनसंचार माध्यमों के सबंध में तथा शोध प्रशिक्षण के सतत अध्ययन को गति देना। मीडिया के विभिन्न क्षेत्र में विशेष रूचि के अनुसार दक्षता प्राप्त करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। विद्यार्थी को इलेक्ट्रोनिक मीडिया हाउस और फिल्म प्रोडक्शन हाउस की विभिन्न संस्थाओ में कार्य करने हेतु आवश्यक कौशल उपलब्ध करानें में यह पाठ्यक्रम विशेष रूप से निर्मित किया गया है। यह पाठ्यक्रम **कुल 32 क्रेडिट** का है जिसमें पांच प्रश्नपत्र सम्मिलित हैं। आपको कुल चार प्रश्न-पत्रों के लिए सत्रीय-कार्य लेखन करना हैं। अंतिम एवं पांचवें प्रश्नपत्र के लिए एक परियोजना कार्य संपन्न करना है। आपको प्रत्येक प्रश्न का उत्तर भेजी गई अध्ययन सामग्री के आधार पर देना है किंतु आप अपनी विशेष रूचि और अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों की सहायता ले सकते हैं। पाठ्यक्रम से संबंधित अकादमिक परामर्श के लिए आप पाठ्यक्रम संयोजक की सहायता पत्राचार, ई-मेल तथा ऑनलाइन सोशल माध्यमों द्वारा भी प्राप्त सकते हैं। सत्रीय कार्य शुरू करने से पूर्व आप निम्नानुसार दी गयी बातों का ध्यान रखिए।

**योजना** - सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। इनसे संबद्ध इकाइयों का दोबारा अध्ययन कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए प्रमुख मुद्दों को एक कागज पर नोट कीजिए। उसके बाद उन्हें क्रम दीजिए।

**संगठन** - अपने उत्तर की मोटी रूपरेखा बनाने से पहले अपना ध्यान कुछ मुद्दों पर केंद्रित कीजिए। और उनका विश्लेषण कीजिए। प्रस्तावना और सारांश पर विशेष ध्यान दीजिए।

- वे तर्क संगत और प्रवाहपूर्ण होने चाहिए।
- वाक्यों और अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध हो।
- आपकी अभिव्यक्ति , शैली और प्रस्तुति सटीक हो।

**प्रस्तुति** - अपने उत्तर से संतुष्ट होने पर इसका अंतिम प्रारूप तैयार कीजिए। उत्तर साफ A-4 कागज पर लिखिए और जिन मुद्दों पर बल देना चाहते है उन्हें रेखांकित कीजिए। लिखे गए सत्रीय कार्य की एक छायाप्रति (फोटोकॉपी) अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।

**लघु शोध निबंध** - परियोजना कार्य करने संबंधी दिशा निर्देश प्रश्न पत्र पांच के **परिशिष्ट -01** में देखें।

**निर्देश :** प्रिय विद्यार्थी सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए। अपनी सत्रीय कार्य उत्तर-पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर नामांकन संख्या, नाम, पूरा पता और दिनांक, पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीयकार्य संख्या अवश्य दीजिए। उत्तर-पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्न प्रकार से शुरू होगा।

**नामांकन संख्या :**

..........................................................................................................................

**नाम :**

..........................................................................................................................

**पता :**

..........................................................................................................................
..........................................................................................................................
..........................................................................................................................

**पाठ्यक्रम का शीर्षक /कोड :**

..........................................................................................................................

**सत्रीय कार्य कोड (प्रश्नपत्र के अनुसार ):**

..........................................................................................................................

**स्थान- .......................................................दिनांक :** ....................................................

उत्तर के लिए केवल A-4 साइज के आकार के कागज़ का इस्तेमाल करें और उन कागज़ों को अच्छी तरह से बांध लें। प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें। अपनी लिखावट में ही उत्तर दें। सत्रीय कार्य एवं परियोजना कार्य निर्धारित पते पर प्राप्ति की अंतिम तिथि **31 मार्च 2019** तक अवश्य भेंज दें। सत्रीय कार्य की उत्तर-पुस्तिकाएँ और परियोजना कार्य (लघुशोध निबंध) जाँच के लिए निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें। निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, पोस्ट- हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा -442001 (महाराष्ट्र) फोन/फैक्स नं. 07152-247146 वेबसाइट www.hindivishwa.org

***इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य और परियोजना कार्य भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2019 हैं।***

**प्रश्न पत्र - एक**

**मीडिया : अवधारणा एवं सिद्धान्त**

**PGDEM&FP-01**

**कुल अंक - 30**

***विशेष- इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिखित सत्रीय कार्य और परियोजना कार्य भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2019 हैं।***

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 500 से 750 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**प्रश्न 1.** भारत में न्यूज चैनल्स की अधिकता के गुण-दोषों की समीक्षा कीजिए।

**प्रश्न 2**. ग्रामीण विकास में जनसंचार किस प्रकार से सहायक हो सकता हैं ? स्पष्ट कीजिए|

**प्रश्न 3.** भारत में इंटरनेट की उपयोगिता स्पष्ट करते हुए इसके सुरक्षित उपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**प्रश्न 4**. टेलीविजन प्रोडक्शन के प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डालते हुए भारत में इनके प्रमुख प्रोडक्शन हाउसेस का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न 5.** भारत में सस्ते इंटरनेट डेटा और जिओ टीवी की कार्य-प्रणाली पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**प्रश्न पत्र – दो**

**फिल्म : परिचय, सिद्धांत एवं इतिहास**

**PGDEM&FP-02**

**कुल अंक - 30**

***विशेष- इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिखित सत्रीय कार्य और परियोजना कार्य भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2019 हैं।***

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 500 से 750 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**प्रश्न 1.** सन 2018 में आपके द्वारा देखी गयी किसी फिल्म की समीक्षा प्रस्तुत कीजिए।

**प्रश्न 2.** फिल्म पत्रकारिता से आप क्या समझते है ? स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 3.** साहित्य और सिनेमा के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए हिंदी कला सिनेमा का विवेचन कीजिए।

**प्रश्न 4.** कार्यक्रम निमार्ण के लिए यूनिट का गठन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए|

**प्रश्न 5.** लेंस कितने प्रकार के होते हैं एवं उनका उपयोग किस प्रकार किया जाता हैं ? चर्चा कीजिए|

**प्रश्न पत्र – तीन**

**फिल्म : प्रोडक्शन**

**PGDEM&FP-03**

**कुल अंक – 30**

***विशेष- इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिखित सत्रीय कार्य और परियोजना कार्य भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2019 हैं।***

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 500 से 750 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**प्रश्न 1.** पटकथा लेखन के तत्वों पर प्रकाश डालते हुए अपनी रूचि के विषय पर पटकथा का एक संक्षिप्त प्रारूप लिखिए।

**प्रश्न 2.** फिल्म निर्माण में निर्देशक की भूमिका किस प्रकार महत्वपूर्ण होती हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 3.** कटआउट पद्धति का वर्णन करते हुए सेट निर्माण में उसके महत्व को रेखांकित कीजिए।

**प्रश्न 4.** प्रोडक्शन मैनेजर के कार्यो पर प्रकाश डालिए।

**प्रश्न 5.** संगीत निर्देशक, कम्पोजर और ऐरेन्जर के कार्यों का विभाजन कीजिए।

**प्रश्न पत्र – चार**

**फिल्म : प्रबंधन**

**PGDEM&FP-04**

**कुल अंक – 30**

***<u>विशेष- इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिखित सत्रीय कार्य और परियोजना कार्य भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2019 हैं।</u>***

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 500 से 750 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**प्रश्न 1.** फिल्म निर्माण हेतु आवश्यक वित्त प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक चर्चा कीजिए।

**प्रश्न 2.** इलेक्ट्रानिक संपादन के उद्देश्य बताते हुए संपादन की समग्र रणनीति पर प्रकाश डालिए।

**प्रश्न 3.** मीडिया के मायाजाल पर प्रकाश डालते हुए टेलीविजन के प्रभाव की वर्तमान स्थिति को सपष्ट कीजिए।

**प्रश्न 4.** फिल्म निर्माण के उपरांत उसके प्रचार-प्रसार में जनसंपर्क की महती भूमिका को रेखांकित कीजिए।

**प्रश्न 5.** सेंसर बोर्ड के पक्ष-विपक्ष में चर्चा करते हुए सेंसर की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**प्रश्न पत्र – पाँचपरिशिष्ठ- 01**

**परियोजना कार्य**

**PGDEM&FP-05**

**कुल अंक – 100**

**प्रिय विद्यार्थी,**

परियोजना कार्य प्रश्नपत्र- पाँच, पीजीडीईएम एण्ड एफपी-05, परियोजना कार्य से जुडा है और इस पाठ्यक्रम के **08 क्रेडित** हैं। लघुशोध परियोजना बनाने के लिए विद्यार्थी को इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पर आधारित परियोजना कार्य करना होगा। विद्यार्थी को एक उपयुक्त शोध समस्या चुन कर उस पर मूल शोध कार्य करना होता है। शोध कार्य के अंतिम परिणाम के रूप में लघुशोध परियोजना प्रस्तुत किया जाएगा। इसकी दो प्रतिलिपियाँ तैयार की जाएंगी। लघुशोध परियोजना की एक प्रतिलिपि विद्यार्थी को प्रभारी / निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय, वर्धा को जमा करवानी होगी और दूसरी प्रतिलिपि विद्यार्थी को अपने पास रखनी होती है। लघुशोध परियोजना के सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी को **08 क्रेडिट** प्राप्त होते हैं। यह परियोजना कार्य इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह एक ऐसा तरीका है जिसके माध्यम से आपको मीडिया मैनेजमेंट एवं फिल्म प्रोडक्शन के संबंध में व्यवस्थित रूप से नई जानकारी प्राप्त होती है। यह नए तथ्य एकत्र करने, उनकी तालिका बनाने, विश्लेषण करने और उपलब्धियों पर विचार-विमर्श करने की व्यवस्थित पद्धति है। परियोजना कार्य के अंत में आपको परियोजना रिपोर्ट लिखनी होती है।

**परियोजना कार्य हेतु दिशा निर्देश-** किसी भी शोध कार्य के लिए पहला चरण विषय का चयन होता है। हमारी सलाह है कि आप ऐसा विषय चुनिए जिनके अपेक्षित संसाधन आपको उपलब्ध हों। शीर्षक चुनने का एक तरीका यह होगा कि आप इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम की पाठ्यक्रम सामग्री में दी हुई विभिन्न इकाइयों का अध्ययन करें।

ये इकाइयां आपको विस्तृत विकल्प प्रदान करेंगीजिसके आधार पर आप इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन से संबंधित किसी भी पहलू का अध्ययन कर सकते हैं। ऐसा विषय चुनिए जो आपकी रूचि का हो अति-महत्वकांक्षी नहीं हों। आप विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त अभ्यास / अध्ययन केंद्रों पर जाकर (आपके क्षेत्र में स्थित) परियोजना सुपरवाइजर से विषयानुरूप आवश्यक तकनीकी जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। अंतिम चरण में आपको आवश्यक शोध विषय के सम्बन्ध में एकत्र की गयी जानकारी एवं सन्दर्भों का विश्लेषण विवेचन कर परियोजना कार्य को लिखित रूप में सम्पन्न कर आवश्यक निष्कर्ष तक पहुँचना है।

**लघुशोध परियोजना भेजना-** आपको **ए-4** आकार के कागज़ में डबल स्पेस के साथ **अधिकतम 50 पृष्ठों** में टाइप लघुशोध निबंध परियोजना कार्य अच्छी प्रकार जिल्द में बांधकर, (स्पाईरल या बाइंडिंग कर) भेजना होगा । आप लघुशोध परियोजना के विषय में एक भाग के रूप में इस आशय का एक घोषणा पर प्रस्तुत करें की किया गया कार्य मौलिक कार्य है और किसी भी अध्ययन पाठ्यक्रम की शर्त को पूरा करने के लिए किसी भी विश्वविद्यालय या अन्य संस्था को पहले प्रस्तुत नहीं किया गया है । घोषणा पत्र की नमूना प्रति **परिशिष्ट -02** में दी गई है। लघुशोध परियोजना में विघार्थी की नामाकंन संख्या कार्यक्रम सत्र, नाम और पता अवश्य होना चाहिए । आपको लघुशोध निबंध परियोजना कार्य प्रस्ताव की एक प्रति रखनी चाहिए । विश्वविद्यालय को भेजा गया परियोजना कार्य विद्यार्थी को लौटाया नहीं जाएगा । यदि उल्लेख किए गए दिशा निर्देशों के बिना परियोजना कार्य प्राप्त होगा तो विद्यार्थी को कमी पूरी करने के लिए कहा जायेगा । परियोजना कार्य की टाईप की हुई और जिल्द बंधी (स्पाईरल या बाइंडिंग) हुई प्रति निम्नलिखित पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेजी जाए। परियोजना कार्य भेजने की **अंतिम तिथि 31 मार्च 2019** है ।

(पाठ्यक्रम संयोजक)

**परिशिष्ट - 02**

## <u>घोषणा</u>

**मैं एतद् द्वारा यह घोषणा करती / करता हूँ कि मेरे द्वारा दूर शिक्षा निदेशालय को भेजा गया परियोजना कार्य जिसका शीर्षक ........................................................................................है । इलेक्ट्रोनिक मीडिया प्रबंधन एवं फिल्म प्रोडक्शन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम एण्ड एफपी) का आशिंक भाग है और यह मेरा स्वयं का मूल कार्य है और किसी अन्य अध्ययन कार्यक्रम की शर्त को पूरा करने के लिए न तो दूर शिक्षा निदेशालय और न ही किसी अन्य संस्था को भेजा गया है।**

**हस्ताक्षर**

**विद्यार्थी की नामांकन संख्या**

**नाम और पता**

**स्थान :-**

**दिनांक :-**